राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–72 (लो0सू0अ0)/2022–23

श्री अजय शर्मा, पिता–स्व॰ श्याम सुन्दर मिस्त्री, डी॰वी॰ रोड वार्ड नं॰–10, सहरसा

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
20.12.2022	श्री अजय शर्मा, पिता–स्व॰ श्याम सुन्दर मिस्त्री, डी॰वी॰ रोड वार्ड नं॰–10, सहरसा के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–16.12.2022 इस कार्यालय में दिनांक–19.12.2022 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–59F 418717 दिनांक–अस्पट जो राज्यपाल सचिवालय के पक्ष में देय है, संलग्न है। इसे आवश्यक कार्रवाई हेतु लेखा शाखा को भेजे। अपीलकर्त्ता श्री अजय शर्मा ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–12.11.2022 को सूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन माननीय मुख्यमंत्री, बिहार को दिया था, परंतु मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराने के फलस्वरूप महामहिम राज्यपाल के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही उन्होंने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–12.11.2022 की प्रति भी संलग्न की है। विदित हो कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत माननीय मुख्यमंत्री/मुख्यमंत्री सचिवालय के लोक सूचना पदाधिकारी के प्रथम अपीलीय प्राधिकार के रूप में महामहिम राज्यपाल, बिहार Designated नहीं है। यह मुख्यमंत्री सचिवालय के ही अन्य वरीय पदाधिकारी होगें। अपीलार्थी ने गलत अपीलीय प्राधिकार के समक्ष अपना अपील आवेदन समर्पित किया है। अतः प्राप्त अपील आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है। सभी संबंधित को सूचित करें। **विशेष कार्य पदाधिकारी** **–सह–** **प्रथम अपीलीय प्राधिकार**	